9-NEXT



PICS: DAINIK JAGRAN I NEXT



बच्चों ने दी शानदार परफॉर्मेंस.

# आओ पधारो पिया.. पर तालियों से गूंजा हाल

## सर पदमपत सिंहानिया के पद्मांजलि में इंडियन कल्चर की धूम

**KANPUR (28 Nov):** सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर के एनुअल फेस्ट पद्मांजलि के दूसरे दिन इंडियन कल्चर से रिलेटेड प्रोग्राम पेश कर स्टूडेंट्स ने तालियां बटोरीं. इनॉग्रेशन आईजी रेंज मोहित अग्रवाल ने पद्मांजिल में में दूसरे दिन फुड डे क्लासिक प्रोग्राम में आओ पधारो पिया... की परफॉर्मेंस देकर स्टूडेंट्स ने सभी का दिल जीत लिया. भक्ति ऑफ भगत का शानदार मंचन किया गया. प्री प्राइमरी बच्चों ने डांस परफार्मेंस दी. इस अवसर पर मनोरमा गोविन्द हरि सिंहानिया, अभिषेक सिंहानिया, वर्षा सिंहानिया, प्रिंसिपल भावना गुप्ता, वाइस प्रिंसिपल कविता चड्ढा, मैनेजर आशीष मौजूद रहे.



स्टूडेंट्स ने शास्त्रीय संगीत की लय बिखेर दी.

हिन्दुस्तान कानपुर • शुक्रवार • 29 नवंबर 2019 • 06



गुरुवार को मोतीझील स्थित लाजपत भवन में सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर के वार्षिकोत्सव 'पदमांजलि' में बच्चों ने नृत्य कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

# जय जय शिव शंकर बोलो... नृत्य पर लूटा समां

कानपुर | हिन्दुस्तान संवाद

'बाउ दे कॉलरफुल वाल्ट्स' में जय-जय शिव शंकर बोलो पर आधारित नृत्य को हिप-हॉप स्टाइल में प्रस्तुत कर लोगों की तालियां बटोरी। मौका था मोतीझील स्थित लाजपत भवन में सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर में वार्षिकोत्सव 'पदमांजलि' का। यहां एआईएसएससीई परीक्षा में श्रेष्ठ करने वाले मेधावियों को सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आईजी मोहित अग्रवाल, सचिव अनन्य चौधरी ने किया। कक्षा 6 से 11 की छात्राओं ने कृष्ण वदना 'मधुराधिपतेरखिल मधुरम' के साथ भक्तिभाव नृत्य कर वंदना की। फिर 'ओकटेट सिम्फोनिक सिंक' में ऑर्केस्ट्रा ने तबला, हारमोनियम, वायलिन, गिटार, कैसियो, कांगो आदि वाद्ययंत्रों से 'राग यमन' की अदभुत प्रस्तुति की। 'बाउ दे कॉलरफुल वाल्ट्स' कार्यक्रम में जय-जय शिव शंकर बोलों पर आधारित नृत्य को हिप-हॉप स्टाइल में कक्षा 8 से 11 तक छात्र-छात्राओं ने ऊर्जा के पंच सिद्धांतों-सृष्टि, स्थिति, समाहार, तिरोभव व अनुग्रह का चित्रण किया। मरीन मैजेस्टिक' कार्यक्रम में प्री-प्राइमरी के बच्चों ने अपनी नृत्य प्रतिभा से वातावरण को प्रफुल्लित कर दिया।

## कार्यक्रम के दौरान मेधावियों का किया गया सम्मान

एआईएसएससीई-2019 की परीक्षा में श्रेष्ठ करने वालों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। कक्षा 10 से शिखर अग्रवाल, सोनाली बाजपेई रहीं। मौके पर चेयरपर्सन मनोरमा गोविन्द हरि सिंहानिया, अभिषेक सिंहानिया, अक्षत अग्रवाल, वाइस चेयरमैन वर्षा सिंहानिया, पार्थो पी .कर, प्रिंसिपल भावना गुप्ता, आशीष भार्गव, कर्नल जेएन दुबे, उप प्रिंसिपल कविता चड्ढा, दिव्या मेहता आदि रही।

शुक्रवार • 29.11.2019
kanpur.amarujala.com

अमर उजाला

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच मेधावी सम्मानित

## सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर का वार्षिकोत्सव लाजपत भवन में हुआ

माई सिटी रिपोर्टर

कानपुर। सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर के वार्षिकोत्सव पदममांजलि का आयोजन लाजपत भवन में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में आईजी मोहित अग्रवाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत भगवान कृष्ण की वंदना मधुराधिपतेरिखलं मधुरम के साथ हुई। छात्रों ने तबला, हारमोनियम, वायलिन, गिटार, कैसियो, कांगो, सितार, की-बोर्ड से राग यमन की प्रसतुति दी। जय जयशिव शंकर के बोलो पर हिप हॉप की प्रस्तुति की गई। राजस्थानी घूमर आओ पधारो पिया की प्रस्तुति ने मंत्रमुग्ध कर दिया। स्वतंत्रता संग्राम में भगत सिंह के अमूल्य योगदान को नाटिका के माध्यम से प्रस्तुत किया। संचालन यश तोलानी, दिव्या लांबा, अक्षत अग्रवाल, हरमनदीप कौर ने किया। इसके अलावा मेधावी सम्मान समारोह का आयोजन भी हुआ। ह्यूमेनेटीज में टॉप करने वाली सुहानी अग्रवाल, साइंस विभाग में सिद्धार्थ चौधरी और कामर्स विभाग की सौम्या सखूजा को 50-50 हजार रुपये का इनाम दिया गया।

साइंस विभाग के मुकुंद मोहन, यशबीर सिंह, भव्या सेन और आरुष भाटिया को 25-25 हजार रुपये, कामर्स के ब्रह्मजोत सिंह, खुशी अजमानी, आंचल श्रीवास्तव, इशिका सिन्हा, दशमीत कौर को 25-25 हजार का इनाम दिया गया। ह्यूमेनेटीज में सुहानी शर्मा, काजल पोरवाल, कृतिका सोनी और नंदिनी मायेवाल को भी 25-25 हजार का नकद इनाम दिया गया। इस मौके पर मनोरमा गोविंद हरि सिंहानिया, अभिषेक सिंहानिया, वर्षा सिंहानिया, पार्थो पी कर, प्रधानाचार्य भावना गुप्ता, आशीष भार्गव मौजूद रहे।



सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर के वार्षिकोत्सव में नृत्य प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

**आज**

29/11/19

# बच्चों ने की डांस पर मस्ती, भगवान विष्णु-देवी लक्ष्मी की स्तुति

## वाइस चेयरमैन अभिषेक सिंहानिया ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ



नृत्य पेश करती छात्राएं।

**पदमांजलि**

कानपुर, 27 नवम्बर। सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर की ओर से मोतीझील के लाजपत भवन में आयोजित 38वां वार्षिकोत्सव पदमांजलि-ए यूफ़ोनियस वंडरलैण्ड कार्यक्रम में आकर्षण परिधानों सजे नन्हे-मुन्नो ने एंजिल एडं बी कार्यक्रमें संसार में पुलियों के महत्व को सुंदर ढंग से पेश किया तो वहीं ग्रुप में शामिल बच्चों ने साहस धीरज के हम साथी के समूह गीत प्रस्तुत किया तो खूब तालियां बजीं। बच्चों ने बालीवुड गीतों की मैलोडी पर फ्री-स्टाइल डांस किया तो अभिभाकभी झूमने को बाध्य हो गये। सास्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत में कक्षा-2 व 4 के छात्राओं ने भगवान विष्णु व देवी लक्ष्मी की स्तुति के साथ ही आनंदशरणम , सोवितचरणम् बोलों पर आधारित वंदना प्रस्तुत की। जेनिस वंडरला, बालरूम सहित कई रंगारंग कार्यक्रम हुए जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपना दम दिखाया। आईआईटी, क्लैट में सफल मेधावियों को पुरस्कृत किया गया। इससे पहले कार्यक्रम शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्यालय के वाइस चेयरमैन अभिषेक सिंहानियां ने द्वारिकाधीश के समक्ष दीप प्रज्जवलन के साथ किया। विद्यालय के कल्चरल सेक्रेटरी अनन्य चौधरी ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट जनों का स्वागत किया। इस दौरान विद्यालय की चेयरपर्सन श्रीमती मनोरमा गोविंद हरि सिहानिया, वाइस चेयरपर्सन श्रीमती वर्षा सिंहानिया, प्रधानाचार्या श्रीमती भावना गुप्ता, मैनेजर आशीष भार्गव, जे.एन. दुबे, उप प्रधानाचार्या कविता चडढा, दिव्या मेहता आदि मौजूद रही।

कानपुर। शुक्रवार • 29 नवम्बर • 2019 | राष्ट्रीय सहारा



लाजपत भवन में सर पद्मपत सिंहानिया एजूकेशन के वार्षिकोत्सव पद्मांजलि में नृत्य करतीं छात्राएं।

# पद्मांजलि उत्सव में बच्चों ने बिखेरी सांस्कृतिक छटा

**सर पद्मपत सिंहानिया एजूकेशन सेन्टर का वार्षिकोत्सव**

**कानपुर (एसएनबी)।** सर पद्मपत सिंहानिया एजूकेशन सेन्टर का वार्षिकोत्सव पद्मांजलि लाजपत भवन में धूमधाम से मनाया गया। समारोह में बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को मन्त्रमुग्ध कर दिया। कई मेधावी बच्चों को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

समारोह का शुभारम्भ डीआईजी कानपुर रेंज मोहित अग्रवाल ने द्वारिकाधीश के समक्ष दीप जलाकर किया। चेयरपर्सन मनोरमा गोविन्द हरि सिंहानिया ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। विद्यालय के नमन चौबे, रूखसत गांजी, सिद्धार्थ सिंह, सुहानी कपूर ने पूर्व चेयरमैन गोविन्द हरि सिंहानिया को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि ने मेधावी सुहानी अग्रवाल, सिद्धार्थ चौधरी तथा सोमया साखूजा को पचास-पचास हजार रुपये का पुरस्कार प्रदान किया। इसके अलावा मुकुन्द मोहन जुत्सी, यशवीर सिंह, वैभव सेन तथा अरूष भाटिया को 25-25 हजार का पुरस्कार प्रदान किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत श्री कृष्ण वंदना 'मधुराधिपतेरखिलं मधुरम के साथ किया गया। बो दि कलरफुल वाल्टज के तहत बच्चों ने जय जय शिव शंकर बोल पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया। मैरिन मैजिस्टिक कार्यक्रम के तहत नन्हे मुन्नों ने अपनी नृत्य प्रतिभा से प्रफुल्लित कर दिया। फीट दि बीट के तहत कक्षा आठ से 12 तक छात्र-छात्राओं ने भगवान गणेश की स्तुति की। इस मौके पर वाइस चेयरमैन अभिषेक सिंहानिया, श्रीमती वर्षा सिंहानिया, पार्थो पी कर, प्रधानाचार्या भावना गुप्ता, मैनेजर आशीष भार्गव, मैनजर प्रशासन कर्नल जेएन दुबे, उप प्रधानाचार्या कविता चड्ढा, दिव्या मेहता आदि मौजूद रहीं।

# जय-जय शिव शंकर की प्रस्तुति से किया मंत्रमुग्ध



सर पद्मपत सिंघानिया एजुकेशन सेंटर के प्रस्तुति देतीं छात्राएं• जागरण

कानपुरः जैसे ही छात्र-छात्राओं ने हिप-हॉप स्टाइल में 'जय-जय शिवशंकर...' गीत पर नृत्य की प्रस्तुति दी तो सभी ने तालियां बजाकर उनका स्वागत किया। मौका था सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर कमला नगर में वार्षिकोत्सव पद्मांजलि का। कार्यक्रम का शुभारंभ आइजी मोहित अग्रवाल ने दीप जलाकर किया। मुख्य अतिथि ने मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। फीट द बीट कार्यक्रम में आठवीं से 12वीं के छात्रों ने गणेश स्तुति की शानदार प्रस्तुति से सभी का दिल जीता। मैरीन मैजिस्टिक कार्यक्रम में प्री-प्राइमरी के बच्चों ने नृत्य की प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। फूट दि क्लासिक कार्यक्रम में आओ पधारो पिया गीत पर राजस्थानी घूमर नृत्य की प्रस्तुति दी। भक्ति ऑफ भगत कार्यक्रम में छात्रों ने लघु नाटिका से 20वीं सदी में होने वाले भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष को दिखाया।

स्विंग द फ्रिल कार्यक्रम में सातवीं की छात्रा वृंदा मिश्रा व वरुणवी श्रीवास्तव ने जग घूमया थारे जैसा न कोई गीत पर सभी को झूमाया। कार्यक्रम का संचालन यश तोलानी, दित्या लांबा, अक्षत अग्रवाल व हरमनदीप कौर ने किया। यहां स्कूल की चेयरपर्सन मनोरमा गोविंद हरि सिंहानिया, वाइस चेयरमैन अभिषेक सिंहानिया, वाइस चेयरपर्सन वर्षा सिंहानिया, पार्थो पी. कर, प्रधानाचार्य भावना गुप्ता आदि मौजूद रहीं। (वि.वि.)